भारत सरकार
भारी उद्योग मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1959
11.03.2025 को उत्तर के लिए नियत

बीएचईएल की अप्रयुक्त भूमि का उत्तराखंड सरकार को हस्तांतरण

1959. श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत:

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या हरिद्वार में भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) की 492 एकड़ अप्रयुक्त भूमि को उत्तराखंड सरकार को हस्तांतरित करने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है और यदि हां, तो इसकी वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ख) सरकार का इस भूमि में से 457 एकड़ भूमि का उपयोग औद्योगिक विस्तार के लिए तथा 35 एकड़ भूमि का उपयोग मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) के लिए करने की योजना पर क्या पक्ष है और इसके माध्यम से कितने रोजगार अवसर सृजित होने की संभावना है?

उत्तर
भारी उद्योग राज्य मंत्री
(श्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा)

(क) और (ख): ऐसा कोई प्रस्ताव भारी उद्योग मंत्रालय के विचाराधीन नहीं है।

*****